**जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिलाधिकारी बरेली की अध्यक्षता मे विकास भवन सभागार में दिनांक 17.11.2023 को आयोजित मासिक समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

जिलाधिकारी, बरेली की अध्यक्षता में दिनांक 17.11.2023 को विकास भवन, बरेली में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत माहवार प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी, बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, परियोजना प्रबन्धक मै0 एन0सी0सी0 लि0 (कार्यदायी संस्था) टीम लीडर टी0पी0आई0, सहायक अभियन्ता जल निगम, डी0पी0एम0यू0, व समस्त टीम लीडर आई0एस0ए0 द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक का कार्यवृत्त निम्नानुसार है–

जिलाधिकारी बरेली, महोदय द्वारा समीक्षा करते हुए निर्देश दिये गये कि :–

1. अधि0 अभि0 जल निगम द्वारा अवगत कराया गया 240 राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जिसके सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि उनके शेष FHTC शीघ्र ही पूर्ण किये जायें।
2. जनपद में कार्यरत आई0एस0ए0 द्वारा समस्त ग्रामों में शासन के निर्देशानुसार कार्य किये जायें तथा जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायें एवं जिन गांवों मे जनमानस द्वारा कार्यो में अवरोध उत्पन्न किए जाने के कारण कार्य अवरोधित है वहां प्रचार प्रसार करते हुए कार्य प्रारम्भ में सहयोग प्रदान करें।
3. जिन स्थानों पर भूमि वर्तमान तक उपलब्ध नहीं करायी गयी है एवं भूमि उपलब्ध कराने के उपरान्त जनमानस के अवरोध के कारण कार्य की प्रगति अवरूद्ध है। उन स्थानों की सूची मुख्य विकास अधिकारी एवं अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायी जाये।
4. टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यो की गुणवत्ता एवं जलापूर्ति प्रारम्भ होने के उपरान्त लीकेज न होने की कार्यवाही को सुनिश्चित करें एवं यह भी सुनिश्चित किया जाये कि कार्य उपरान्त सड़क पुर्नस्थापना का कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए।
5. जिन ग्रामों अवर जलाशय तथा पम्प हाउस का निर्माण कार्य शेष है वहां तुरन्त निर्माण कार्य कराये जायें।
6. मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूची की जांच सम्बन्धित बी0डी0ओ0 से कराने पर योजनाओं से सम्बन्धित कुछ कार्य अपूर्ण पाये गये। फर्म को निर्देशित किया गया कि तत्काल प्रभाव से कार्यो को प्रारम्भ कराते हुए अतिशीघ्र पूर्ण कराने के उपरान्त अवगत करायें।
7. फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान तक 893 के सापेक्ष 876 ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण किया गया है। फर्म को सभी 893 ट्यूबवेल 15 दिसम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।
8. फर्म द्वारा वर्तमान तक 877 के सापेक्ष 847 नग ओवर हैड टैंक पर कार्य प्रारम्भ किया गया है एवं मात्र 65 ओवर हैड टैंक का कार्य पूर्ण करते हुए ओवर हैड से जलापूर्ति सुनिश्चित की गयी है फर्म को निर्देशित किया गया कि 15 दिसम्बर तक समस्त ओवर हैड टैंक पर कार्य प्रारम्भ करते हुए तेज गति से ओवर हैड टैंक के कार्यों को पूर्ण करते हुए जलापूर्ति सुनिश्चित करें।
9. फर्म को निर्देश दिये गये कि समस्त राजस्व ग्रामों में सभी राजकीय भवनों, स्कूलों, आंगनवाड़ी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आदि स्थानों पर FHTC देना सुनिश्चित करें।

25/11/23

जिलाधिकारी,
बरेली।

प्रतिलिपि–

1. मुख्य विकास अधिकारी, बरेली।
2. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बरेली।
3. टी0पी0आई0 (बी0एल0जी0) बरेली।
4. मै0 एन0सी0सी0 लि0, बरेली।
5. जनपद में कार्यरत समस्त आई0एस0ए0।

25/11/23

जिलाधिकारी
बरेली।

Scanned with OKEN Scanner